ज्वालापुर में बनेगा यूनिटी मॉल, शामिल होगी सभी राज्यों की एक-एक दुकान

चर्चा में क्यों?

12 दिसंबर, 2023 को उत्तराखंड के वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि हरिद्वार के ज्वालापुर में 164 करोड़ रुपए की लागत से यूनिटी मॉल बनेगा, जिसमें देश के सभी राज्यों की एक-एक दुकान होगी।

प्रमुख बिंदु

- वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि हरिद्वार रुड़की विकास प्राधिकरण जल्द ही हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर ज्वालापुर में इस यूनिटी मॉल का निर्माण करेगा।
- उन्होंने कहा कि यूनिटी मॉल के खुलने से हरिद्वार आने वाले पर्यटक व श्रद्धालुओं को अपने घर लौटने के दौरान उत्तराखंड ही नहीं, देश के किसी भी राज्य का मशहूर हस्तशिल्प सामान और पारंपरिक वस्त्र एक ही छत के नीचे उपलब्ध हो सकेगी।
- उन्होंने बताया कि मॉल के लिये रानीपुर झाल के समीप जगह चिह्नित कर ली गई। डीपीआर से लेकर डिजाइन भी फाइनल हो चुका है।
- यूनिटी मॉल के खुलने से उत्तराखंड के पारंपरिक उत्पादों को भी नई पहचान मिलेगी। बहुमंजिला मॉल में ओपन सिनेमा हाल भी बनाया जाएगा, जिसमें किसी भी तल से लघु नाटिका या फिल्म देखी जा सकेगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/unity-mall-will-be-built-in-jwalapur-one-shop-each-from-all-the-states-will-be-included